आकाशवाणी केन्द्र शिमला

27.01.2025 / 11:00बजे

पद्म पुरस्कार

राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने वर्ष 2025 के लिए 139 पद्म पुरस्कार प्रदान करने को मंजूरी दी है। सूची में सात पद्म विभूषण, 19 पद्म भूषण और 113 पद्म श्री पुरस्कार शामिल हैं। पुरस्कार पाने वालों में 23 महिलाएं हैं और 13 मरणोपरांत पुरस्कार विजेता भी शामिल हैं। इनमें प्रदेश के बिलासपुर जिले के बागवान हरिमन शर्मा को सेब की लो चिलिंग किस्म विकसित करने के लिए पदम श्री पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है। उन्होंने कम उंचाई व मैदानी क्षेत्रों के लिए 8 साल के शोध के बाद सेब की ये किस्म तैयार की है। आकाशवाणी से बातचीत में हरिमन शर्मा ने बताया कि उनकी ये किस्म देश–विदेश में सफल रही है।

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली के करियप्पा परेड ग्राउंड में नेशनल कैडेट कोर–एनसीसी की वार्षिक रैली को संबोधित करेंगे। इस वर्ष रैली का मुख्य विषय युवा शक्ति विकसित भारत होगा। आयोजन में आठ सौ से अधिक कैडेट सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। रैली में 18 मित्र देशों के 144 कैडेट भी भाग लेंगे। इस रैली में देशभर से 650 से अधिक स्वयंसेवक विशेष अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज से चार दिनों के लिए इंदौर और दिल्ली दौरे पर रवाना हो गए हैं। आज मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश के इंदौर में कांग्रेस की जय भीम, जय बापू, जय संविधान रैली में शामिल होंगे। इसके पश्चात अगले तीन दिन दिल्ली विधानसभा चुनाव में स्टार प्रचारक के रूप में कांग्रेस के लिए प्रचार करेंगे।

जयराम ठाकुर

समान नागरिक संहिता–यूसीसी आज से उत्तराखंड में लागू हो रही है। उत्तराखंड देश में यह अधिनियम लागू करने वाला पहला राज्य है। यूसीसी का उद्देश्य सभी नागरिकों के लिये समान अधिकार सुनिश्चित करना है। इसके तहत जाति, धर्म और लिंग के आधार पर नागरिक अधिकारों में भेदभाव करने वाले सभी कानूनों में एकरूपता लाने का प्रयास किया गया है। यूसीसी लागू करने के लिए हिमाचल के पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री को बधाई दी है। कल शिमला से जारी ब्यान में उन्होंने कहा कि यदि हिमाचल में भाजपा की सरकार होती तो हिमाचल देश में यूसीसी लागू करने वाला दूसरा राज्य होता।

राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली

केंद्र ने एकीकृत पेंशन योजना–यूपीएस के कार्यान्वयन को लेकर अधिसूचना जारी कर दी है। इसमें केंद्रीय कर्मचारियों के लिए राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के अंतर्गत एक विकल्प के रूप में एकीकृत पेंशन योजना शुरू की गई है। यह योजना इस साल एक अप्रैल से लागू होगी। कल जारी अधिसूचना के अनुसार यूपीएस उन

केंद्रीय कर्मचारियों पर लागू होगी जो राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के अंतर्गत आते हैं और जो एनपीएस के तहत इस विकल्प को चुनते हैं।

## गुड़िया दुष्कर्म

हिमाचल प्रदेश के बहुचर्चित गुड़िया दुष्कर्म मामले से संबंधित पुलिस कस्टडी में आरोपी सूरज की हत्या मामले को लेकर आज चंडीगढ़ की सीबीआई कोर्ट सजा सुनाएगी। 18 जनवरी को कोर्ट की पिछली सुनवाई में तत्कालीन आईजी जहूर जैदी समेत सात अन्य पुलिस कर्मियों को दोषी करार दिया था।